


**CLASS: II**
**SESSION NO :13**
**SUBJECT : (HINDI)**
**CHAPTER NUMBER: पाठ- 12**
**TOPIC : एक सीख**
**SUB TOPIC: रोचक बातें पाठ ज्ञान - मौखिक प्रश्न उत्तर**

# अधिगम उद्देश्य

मौखिक प्रश्न उत्तर द्वारा वाचन कुशलता का विकास होना





# पाठ- 12 एक सीख

मीना बहुत ही लापरवाह लड़की थी। वह सफ़ाई का ज़रा भी ध्यान नहीं रखती थी। कहीं भी कागज़ व फल खाकर छिलके फेंक देती थी। उसकी माताजी ने उसे बहुत समझाने की कोशिश की, परंतु उसकी समझ में कुछ नहीं आता था । माताजी भी उससे बहुत परेशान थी।




ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

एक दिन मीना अपनी सहेली गीता के घर गई। उसकी सहेली बहुत ही समझदार व सफ़ाई पसंद थी। उसने मीना को खाने के लिए फल दिए। मीना ने संतरा खा कर छिलके व बीज नीचे ज़मीन पर फेंक दिए।



तभी उधर गीता की छोटी बहन लता आई। उसने वह छिलके व बीज  उठाकर कूड़ेदान में डाल दिए। यह देखकर मीना बहुत लज्जित हुई। उसने अपनी आदतों को सुधारने का निश्चय किया। उसी दिन से वह भी सफ़ाई पसंद बन गई।



# पाठ की रोचक बातें

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

1. हमें अपना आसपास  साफ़ सुथरा रखना चाहिए।
2. हमें अच्छी आदतें अपनानी चाहिए  तथा बुरी आदतों को सुधारने की कोशिश करनी चाहिए।
3. हमें बड़ों की बात माननी चाहिए।
4. कूड़ा फेंकने के लिए कूड़ेदान का प्रयोग करना चाहिए।



ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास

लापरवाह

कूड़ेदान

सफ़ाई

लज्जि
त

छिलके

कोशिश

निश्च
य

मौखिक



ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

## कम से कम शब्दों में उत्तर बताएँ

क. मीना किसका ध्यान नहीं रखती थी ?

उः मीना सफ़ाई का ध्यान नहीं रखती थी।

ख. मीना की आदत से कौन परेशान था ?

उः मीना की आदत से उसकी माताजी परेशान थी।

ग. मीना की सहेली का क्या नाम था ?

उः मीना की सहेली का नाम गीता था।




# गृह कार्य

## सही वाक्य के सामने( √) तथा गलत वाक्य के सामने (×) का निशान लगाओ-

क. मीना लापरवाह लड़की थी । ( √ )

ख. उसकी माताजी उससे परेशान थी। (√)

ग. मीना ने संतरे खाकर छिलके कूड़ेदान में फेंके।( × )



ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# सीखने के प्रतिफल

## पाठ संबंधित ज्ञान में दृढ़ीकरण

ODM EDUCATIONAL GROUP
*Changing your Tomorrow*

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP